बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–24.10.2024

गया जिला का एक लाख का ईनामी कुख्यात वांछित नक्सली विनय यादव उर्फ रामविनय यादव गिरफ्तार

- दिनांक 23.10.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम द्वारा गया जिला का एक लाख रूपये का ईनामी कुख्यात वांछित नक्सली विनय यादव उर्फ रामविनय यादव पे0 राघो यादव सा0 सलोनी बिगहा थाना मउ जिला गया को कोंच थाना कांड सं0 256/24 दिनांक 14.06.2024 धारा 302/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट में कोंच थाना (गया) थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।
- उल्लेखनीय है कि उक्त नक्सली द्वारा दिनांक 15.03.2024 को पौथु थाना में पुलिस पर फायरिंग, दिनांक 04.06.2024 को रफीगंज थाना क्षेत्र में गाड़ी को जलाना एवं दिनांक 14.06.2024 को कोंच थाना क्षेत्र में जितेन्द्र उर्फ हीरा यादव की हत्या की घटना की गई थी।
- उक्त नक्सली औरंगाबाद, गया तथा नवादा जिला के क्रमशः रफीगंज, गोह, पौथु, हसपुरा, टिकारी, कोंच, गुरूआ, सिरदल्ला, रजौली थाना क्षेत्र में लेवी लेना एवं नक्सली गतिविधि में काफी सक्रिय रहा है।
- उक्त नक्सली के विरूद्ध गया, नवादा एवं औरंगाबाद जिला के विभिन्न थानों में कई नक्सल कांड दर्ज हैं।

STF